हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 11 मार्च 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| कायथा

04 निगम की तैयारीः पेयजल वितरण सुधारने...



07 ललितपुर-जखौरा संपर्क मार्ग निर्माण कार्य का...



## कलेक्टर ने बैठक में हिट एंड रन मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए, बोले : समय पर कार्य करें

# टीएलः वन अधिकार दावों में देरी पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को लगाई फटकार

कलेक्टर बोले लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों में देरी पर लगेगा जुर्माना, हार्वेस्टर में अतिरिक्त अटैचमेंट के उपयोग से हो नरवाई प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने टीएल बैठक के दौरान वन ग्रामों के संपरिवर्तन, वन खण्डों के व्यवस्थापन तथा वन पट्टों की संख्या और रकबे के मिलान के कार्यों में लगातार हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने वन मित्र पोर्टल पर लंबित व्यक्तिगत वनाधिकार दावों के निराकरण में विलम्ब पर संबंधित वन एवं राजस्व अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन, वन खण्डों के व्यवस्थापन तथा वन पट्टों की संख्या और रकबे के मिलान का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वन मित्र पोर्टल पर दर्ज व्यक्तिगत वनाधिकार दावों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि वनाधिकार से जुड़े प्रकरणों और वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन शासन की प्राथमिकता का कार्य है। कलेक्टर ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्यों में इसी प्रकार की लापरवाही और देरी जारी रही तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये जिले मे एचपीवी अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने इस अभियान को अधिक गति प्रदान करने के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि लक्षित बालिकाओं का समय सीमा में टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग समन्वय स्थापित कर एवं



टीकाकरण की कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। इसके साथ ही विशेष टीकाकरण सत्रों का भी आयोजन किया जाये। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित है और भविष्य में महिलाओं को होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाऐगी।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों पर निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण नहीं किया जाएगा, उनके विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित आवेदनों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोक सेवा गारंटी का उद्देश्य नागरिकों को तय समय-सीमा में शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए सभी अधिकारी इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, रविंद्र परमार, जमील खान, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौंड़ सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### श्रमयोगी मानधन योजना में अधिक से अधिक पंजीयन के निर्देश

कलेक्टर बालागुरू के. ने प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना की जनपद एवं नगरीय निकायवार समीक्षा के दौरान सभी जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिये कि योजना में अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में शिविर लगाकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को योजना से जोड़ा जाए। पात्र श्रमिकों को योजना की जानकारी देकर उन्हें पंजीयन के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि उन्हें भविष्य में पेंशन का लाभ मिल सके। उन्होंने सीहोर नगर पालिका द्वारा सबसे कम पंजीयन किये जाने पर घोर नाराजगी जताई।

### हार्वेस्टर में अतिरिक्त अटैचमेंट के उपयोग से हो नरवाई प्रबंधन

कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए किसानों को जागरूक किया जाए तथा उन्हें इसके नुकसान के बारे में बताया जाए। साथ ही किसानों को नरवाई के वैकल्पिक प्रबंधन के उपायों की जानकारी भी दी जाए। उन्होंने कहा कि गेहूं की कटाई के समय हार्वेस्टर में अतिरिक्त अटैचमेंट लगवाया जाए, ताकि फसल जड़ के किनारे कटे और खेत में नरवाई कम बचे। उन्होंने बताया कि गेहूं की कटाई के दौरान हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम या हैप्पी सीडर अटैचमेंट का उपयोग करना फायदेमंद होता है। इससे फसल जड़ के करीब से कटती है और पराली कम बचती है। बची हुई नमी में सीधे सुपर सीडर के माध्यम से अगली फसल की बुवाई भी संभव हो जाती है, जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं होता।

**दिन में बिजली सप्लाई बंद रखने के दिए निर्देशः** बिजली लाइनों की स्पार्किंग से गेहूं की फसल में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने दिन के समय बिजली सप्लाई बंद रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि ट्रांसफार्मर तथा विद्युत लाइनों के आसपास विशेष सावधानी बरतें। साथ ही किसी भी प्रकार की स्पार्किंग या खराबी दिखाई देने पर तुरंत विद्युत विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### संकल्प से समाधान अभियान के तहत समय पर कैंप लगें

कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए हैं कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले में निर्धारित समय पर शिविर आयोजित किए जाएं और अधिक से अधिक नागरिकों के प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निराकृत प्रकरणों की जानकारी नियमित रूप से संबंधित पोर्टल पर अपलोड की जाए, ताकि कार्यों की पारदर्शिता और निगरानी बनी रहे।

### ताकि पीड़ित परिवारों को समय पर राहत मिल सके

कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि हिट एंड रन मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ित परिवारों को समय पर राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को पीएम राहत (सड़क दुर्घटना पीड़ितों का कैशलेस उपचार) योजना के तहत डेढ़ लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है। कलेक्टर ने अधिकारियों को ऐसे मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई करने तथा पात्र पीड़ितों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### सीहोर में रोजगार मेला 17 मार्च को

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 मार्च को सीहोर के डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रातः 11 बजे युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा अनेक कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। इसके साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा और नये प्रकरण तैयार किये जाएंगे। इसी प्रकार आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को चयनित किया जाएगा।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे।


### कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर लगाया प्रतिबंध

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरु के. द्वारा सीहोर जिले में खेतों में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेशानुसार फसल कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी के लिए कुछ किसानों द्वारा खेतों में आग लगाकर नरवाई नष्ट की जाती है, जिससे हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही इससे मिट्टी की उर्वरता भी कम होती है, सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं, जनसंपत्ति और प्राकृतिक वनस्पति को नुकसान पहुंचता है तथा आगजनी की घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। जिले में रोटावेटर जैसे वैकल्पिक साधन उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग कर खेत साफ किए जा सकते हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। जारी आदेशानुसार नरवाई जलाने पर पर्यावरणीय क्षति की भरपाई के लिए जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है, जिसके तहत 02 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों पर 2500 रुपये प्रति घटना, 02 से 05 एकड़ तक भूमि वाले कृषकों पर 5000 रुपये प्रति घटना और 05 एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषकों पर 15000 रुपये प्रति घटना पर्यावरणीय मुआवजे के रूप में वसूले जाएंगे।

# सरदार एकता यात्रा पहुंची नगर में, नागरिकों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सर्वसमाज में एकता का संदेश लेकर गुजरात से प्रारंभ हुई सरदार एकता यात्रा नगर में पहुंची। जहां नागरिकों द्वारा आगवानी कर स्वागत किया गया। मंगलवार को सरदार एकता यात्रा का नगर में प्रवेश हुआ। पिलवास चौराहे पर यात्रा की आगवानी की गई जहां से यात्रा सरदार पटेल चौराहे पर पहुंची। यहां जनप्रतिनिधियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों के साथ पाटीदार समाजजनों द्वारा यात्रा की आगवानी कर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके साथ ही यात्रा के साथ चल रही पवित्र वस्तुओं के दर्शन भी नागरिकों द्वारा किए गए। सरदार पटेल चौराहे पर सरदार पटेल की उस समय की उपयोगी वस्तुओं, दिए गए सम्मान पत्रों का पूजन किया गया। सरदार



एकता यात्रा के रथ में लौह पुरुष की प्रतिमा के साथ ही उनकी चरण पादुका, कपड़ा पेटी, घड़ी, 2 किलो 900 ग्राम का अशोक चिन्ह जो उनके मित्रों द्वारा दिया गया था आदि समान बुलेट प्रूफ कांच के बाक्स मे रखे गये थे। एकता यात्रा मार्ग पर गांव गांव में स्वागत व पूजन किया गया।

# नेशनल हाईवे-46 पर हुआ सड़क हादसा एक युवक की मौत, तीन गंभीर घायल






हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

रंग पंचमी के त्योहार के बीच रविवार शाम नेशनल हाईवे-46 पर गडरिया नाले के ओवरब्रिज पर भीषण सड़क हादसा हो गया।

घटना लगभग 8 बजे की बताई जा रही है तेज रफ्तार होंडा अमेज कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे वाहन से टकरा गई हादसा इतना गंभीर था कि कार में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए टक्कर के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कार में सवार चारों युवक नर्मदापुरम से भोपाल की ओर जा रहे थे कार में सवार तीन लोग मंडीदीप और एक बरेली (जिला रायसेन) का निवासी बताया जा रहा है हादसे में मनीष उर्फ मिंटू वर्मा (36) पुत्र हुकुमचंद निवासी मंडीदीप की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे में कृष्णकांत वर्मा पुत्र हेमराज30वर्ष निवासी मंडीदीप, देवेंद्र विश्वकर्मा पुत्र धनराज सिंह 35वर्ष निवासी मंडीदीप तथा दीपेश शर्मा पुत्र महेश शर्मा36वर्ष निवासी बरेली जिला रायसेन (वर्तमान में भोपाल निवासी) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को 1033 एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल बुधनी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल युवकों को मधुबन अस्पताल तथा जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी रवि शर्मा और उप निरीक्षक संदीप जाट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। सोमवार सुबह सिविल अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया हादसे की खबर मिलते ही देर रात तक अस्पताल में लोगों की भारी भीड़ लगी रही फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### चैत्र नवरात्रि में मां बगलामुखी के गर्भगृह प्रवेश पर रहेगा प्रतिबंध

**नलखेड़ा।** आगामी चैत्र नवरात्रि महापर्व 19 से 27 मार्च तक श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुचारू दर्शन व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मां बगुलामुखी मंदिर में विशेष व्यवस्था लागू की गई है। मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष के आदेशानुसार प्रबंध समिति पदेन सचिव तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव द्वारा जारी आदेश के अनुसार नवरात्रि के संपूर्ण दिनों में मां बगलामुखी के गर्भगृह में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।



इस अवधि में श्रद्धालु मां के सुलभ दर्शन त्रिशूल मंडपम से कर सकेंगे। मंदिर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था सभी श्रद्धालुओं पर समान रूप से लागू रहेगी। आदेश सामान्य, वीआईपी एवं वीवीआईपी सभी प्रकार के दर्शनार्थियों के लिए प्रभावशील होगा। इसके साथ ही नवरात्रि के दिन छोड़कर अन्य दिनों के लिए भी दर्शन व्यवस्था लागू की गई है जिसके अनुसार शनिवार व रविवार को सुबह 7 से 10 बजे तक गर्भगृह से एवं 10 बजे से पट बंद होने तक त्रिशूल मंडपम से एवं सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 7 से 10 बजे तक गर्भगृह से एवं 10 बजे से पट बंद होने तक चांदी द्वार से दर्शन व्यवस्था रहेगी। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से निर्धारित व्यवस्था का पालन करते हुए सहयोग करने तथा शांतिपूर्ण दर्शन करने की अपील की है।

## महिलाओं ने माता से परिवार में सुख शांति, समृद्धि तथा आरोग्य की कामना की

# शीतला माता का पूजन कर महिलाओं ने लगाया ठंडे भोजन का भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शीतला सप्तमी पर्व पर नगर के विभिन्न शीतला माता मंदिरों में महिलाओं की भीड़ सोमवार रात से ही उमड़ने लग गई थी। महिलाओं ने शीतला माता की पूजन कर जहां उन्हें ठंडे भोजन का भोग लगाकर आशीर्वाद लिया। वहीं परिवार में सुख शांति समृद्धि तथा आरोग्य की कामना भी की गई। पूजन के बाद जब महिलाएं अपने घरों पर पहुंची तो पांचों उंगलियों को हल्दी के पानी में डुबोकर दीवारों पर छापे लगाकर कुमकुम से पूजन की गई। नगर में मंगलवार को भी शीतला सप्तमी का पर्व मनाया गया।

महिलाओं ने गोविंदपुरा स्थित शीतला माता के प्राचीन मंदिर गवलीपुरा व डोकरपुरा स्थित शीतलामाता मंदिर पर पूजा अर्चना कर ठंडे भोजन का भोग लगाया गया। गोविंदपुरा स्थित शीतलामाता मंदिर पर सोमवार रात 10 बजे से महिलाओं की भीड़ पूजन हेतु उमड़ने लगी थी जिन्हें शीतलामाता सेवा समिति व पीताम्बरा सेवा समिति के सदस्यों द्वारा टोकन प्रदान किये गए थे। रात 12 बजे बाद से पूजन का दौर प्रारम्भ हुआ जो मंगलवार दोपहर तक जारी रहा।

**सभी ने किया ठंडा भोजन ग्रहण-** शीतला सप्तमी पर्व को लेकर ऐसी मान्यता है कि इस दिन घर में चूल्हा न जलाते हुए ठंडा भोजन ही किया जाता है। इसी के चलते हिंदू परिवारों में सोमवार को ही विभिन्न व्यंजनों के साथ भोजन सामग्री तैयार कर ली गई थी जिसे मंगलवार को सभी घरों में ठंडे भोजन के रूप में ग्रहण किया गया। गोविंदपुरा स्थित शीतलामाता मंदिर पर सोमवार रात्रि को एक भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय गायकों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। इन भजनों पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे। रात्रि 12 बजे शीतलामाता की आरती के साथ ही पूजन का क्रम प्रारम्भ हुआ। पूजन उपरांत समिति द्वारा सभी को प्रसादी का वितरण किया गया।





### शीतला माता को लगाया बासी खाने का भोग, सुबह से मंदिरों में लगा रहा महिलाओं का तांता

**कानड़।** मंगलवार को शीतला सप्तमी पर सुबह 5 बजे से ही शीतला माता की पूजा करने के लिए मंदिरों में महिलाओं की भीड़ लगी रही। महिलाओं ने धन-धान्य से भंडार भरने वाली और प्राकृतिक विपदाओं से दूर रखने वाली शीतला माता की पूजा कर उन्हे स्वादिष्ट भोजन का भोग लगाया। नगर के मध्य मां बिजासन माता के मंदिर में सुबह से ही आलम यह थे कि अपनी बारी का इंतजार करते हुए महिलाओं को पूजा के लिए इंतजार करना पड़ा। शीतला सप्तमी होली के सातवें दिन चैत्र माह के कृष्णपक्ष की सप्तमी तिथि पर मनाया जाता है। इस दिन शीतला माता का पूजन बासी और ठंडे व्यंजनों का भोग लगाया है। जिसके के बाद घर के सभी सदस्य सिर्फ ठंडे व्यंजन ही खाते हैं। शीतला माता का मंदिर वटवृक्ष के समीप ही होता है। इसलिए शीतला माता के पूजन के बाद वट की पूजा भी की जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को करने से शीतला देवी धन-धान्य से पूर्ण कर प्राकृतिक विपदाओं से दूर रखती हैं। इसके साथ ही पूजा करने एवं नियम और संयम से व्रत रखने पर चेचक, खसरा आदि रोगों का प्रकोप नहीं फैलता है। सुबह स्नान करके शीतला मां की पूजा की जाती है। इस दिन घर में ताजा भोजन नहीं बनाया जाता। शीतला सप्तमी के एक दिन पहले मीठा भात, पुए, पकौड़े, रबड़ी, रोटी और पूड़ी सब्जी आदि बनाए जाते हैं। रात को सारा भोजन बनाने के बाद रसोईघर की सफाई करके पूजा की जाती है। पूजा में रोली, मौली, पुष्प, वस्त्र आदि अर्पित किया जाता है। इस पूजा के बाद चूल्हा नहीं जलाया जाता। इसी मान्यता और आस्था के साथ नगर की महिलाओं ने शीतला माता की पूजा की।



## खबर संक्षेप

### कुंभकार समाज ने निकाला चल समारोह



**भौंरासा।** शीतला सप्तमी के उपलक्ष में शीतला माता मंदिर से प्रजापति कुंभकार समाज के द्वारा नगर में यादें माता का चल समारोह निकाला गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में समाज जन सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम नगर के शीतला माता मंदिर पर समाजजन द्वारा पूजन पाठ कर जुलूस प्रारंभ किया गया जो नगर में मुख्य मार्गो से होते हुए शीतला माता मंदिर पहुंचा जहां पर आरती पूजन के पश्चात चल समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावडा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, नगर वसूली पटेल यशवंत सिंह राजपूत, नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, बाबूलाल डोडिया, अश्विन जायसवाल, मुकेश कुमावत, भुरु दरबार, आदि लोग मौजूद रहे।

### शीतला माता को लगाया ठंडे भोजन का भोग



**भौरासा।** हिन्दी पंचांग के अनुसार होली के सातवें
दिन माता शीतला को भोजन के माध्यम से याद किया जाता है उन्हें ठंडे भोजन का भोग लगाया जाता है। मंगलवार को महिलाओं द्वारा शीतला माता की पूजा की गई।
शीतला माता मंदिर पुजारी अनिल कुंभकार के द्वारा बताया गया कि रात्रि 3:00 बजे से ही नगर के माली मोहल्ला स्थित शीतला माता मंदिर भौरासा थाना परिसर के पास लोधी मोहल्ला में शीतला माता मंदिर व पटेल के ओटलै पर
शीतला माता मंदिर एवं देव धर्म गली देव मंदिर के पास मैं स्थित मंदिर में सोमवार रात्रि 3:00 बजे से ही महिलाएं मां शीतला की पूजा करने पहुंची व सुख समृद्धि की कामना की व माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने निगम आयुक्त ने सख्ती के साथ दिए निर्देश

# निगम की तैयारी: पेयजल वितरण सुधारने बकाया कर वसूली तेज करने के दिए निर्देश

### अमृत 2.0 की नई लाइनों से कनेक्शन देने और शत-प्रतिशत वसूली के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आयुक्त दलीप कुमार ने निगम बैठक हाल में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई। राजानल तालाब से लिए जाने वाले पेयजल तथा डेम में पर्याप्त पानी उपलब्ध रहे, इसके लिए एनवीडीए से सतत संपर्क बनाए रखने के निर्देश कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती को दिए गए। आयुक्त ने वार्डों में समय पर पेयजल वितरण सुनिश्चित करने तथा जहां देरी हो रही है वहां व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए।

अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत डाली जा रही नई पेयजल लाइनों से उपभोक्ताओं को कनेक्शन देने तथा जिन वार्डों में नई लाइन बिछ चुकी है वहां वार्ड पार्षद व उपयंत्री द्वारा सर्वे कर पुरानी लाइन बंद कर नई लाइन से जल वितरण शुरू करने को कहा। विद्युत खपत कम करने के उद्देश्य से वार्डों से हटाए गए 41 ट्यूबवेल कनेक्शनों को कैप लगाकर बंद करने और उनसे निकाली गई सामग्री निगम में जमा कराने के निर्देश दिए गए।

साथ ही जहां आवश्यकता हो वहां हैंडपंप स्थापित करने और खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराने को कहा गया। आयुक्त ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर क्लोरीन टेस्टिंग तथा वार्डों में पेयजल के सैंपल लेने और इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी, उपयंत्री राजेश कौशल और चंदन सोनी को दिए। गार्डनों के रखरखाव और पौधों को पानी देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जिन गार्डनों में पानी की सुविधा नहीं है वहां सप्ताह में तीन दिन टैंकर से पानी देने के निर्देश सहायक यंत्री जगदीश वर्मा को दिए गए। साथ ही विद्युत कनेक्शनों पर लगाए गए स्मार्ट मीटर से प्राप्त बिलों का सत्यापन कर खपत की मॉनिटरिंग करने को कहा गया।

आयुक्त ने स्ट्रीट लाइट, जलप्रदाय और स्वास्थ्य विभाग के मेंटेनेंस कार्यों में सामग्री उपलब्ध नहीं कराने वाले ठेकेदारों के खिलाफ पेनल्टी लगाने और राशि राजसात करने के निर्देश भी दिए। वाहन विभाग द्वारा कुछ वार्डों में समय पर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यवस्था में सुधार और खराब वाहनों का तुरंत मेंटेनेंस कराने को कहा। बैठक में स्वनिधि से समृद्धि और संबल योजना पर विशेष फोकस देने तथा स्वनिधि आवेदनों का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।

आगामी 14 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत को देखते हुए संपत्तिकर और कंपाउंडिंग प्रकरणों की वसूली बढ़ाने के लिए कार्यालय अधीक्षक और कॉलोनी सेल को निर्देशित किया गया। आयुक्त ने सभी वार्डों के उपयंत्रियों, स्वच्छता निरीक्षकों और दरोगाओं को निगम की राजस्व टीम के साथ समन्वय कर संपत्तिकर व जलकर की बकाया राशि की शत-प्रतिशत वसूली करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का सभी विभागों द्वारा समय पर निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

# नेशनल लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### 14 को लगेगी नेशनल लोक अदालत



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 14 मार्च को जिले के सभी न्यायालयों में "नेशनल लोक अदालत" का आयोजन किया जाएगा। "नेशनल लोक अदालत" का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए वाहन रैली का आयोजन मंगलवार को जिला न्यायालय परिसर देवास में किया गया।

प्रचार वाहन रैली को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन रैली में विद्युत विभाग एवं नगर निगम द्वारा नेशनल लोक अदालत का प्रचार एवं दी जाने वाली छूट के संबंध में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उक्त रैली में विकास शर्मा विशेष न्यायाधीश प्रभारी नेशनल लोक अदालत, उमाशंकर अग्रवाल प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, अभिषेक गौड पंचम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, राजेन्द्र कुमार पाटीदार तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, प्रसन्न सिंह बहरावत चतुर्थ अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, डॉ. रविकांत सोलंकी अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, भारत सिंह कनेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नीलेन्द्र कुमार तिवारी व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, दीक्षा मौर्य व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड कुंवर युवराज सिंह व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, निकिता वार्ष्णेय पाण्डे व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, प्रियांशु पाण्डे व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, किरण सिंह व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, रश्मि अभिजीत मरावी व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सौरभ जैन व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, चंद्रा पंवार व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं सुभाष चौधरी जिला विधिक सहायता अधिकारी देवास एवं लीगल डिफेंस काउंसिल के सदस्यगण, पैनल अधिवक्तागण, पैरालीगल वालेन्टियर, विद्युत विभाग, नगर निगम विभाग के अधिकारीगण, न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण के साथ-साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# अवैध शराब बिक्री को लेकर कलेक्टर से कांग्रेस ने जनसुनवाई में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला कांग्रेस कमेटी ने अवैध शराब की बिक्री और संचालित हो रहे अवैध अड्डों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की कई गलियों में खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही है, जिससे सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है।जिला संगठन महासचिव जितेंद्र सिंह गौड़ ने बताया कि इस संबंध में आबकारी विभाग को पहले भी कई शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारण कई परिवार प्रभावित हो रहे हैं और युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है।कांग्रेस ने प्रशासन से अवैध शराब के कारोबार पर सख्त कार्रवाई करने और जल्द अंकुश लगाने की मांग की। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो जनहित में आंदोलन किया जाएगा।

### सेवा बस्ती में हुआ भोजन वितरण

**चापडा।** करनावद नगर निवासी स्व. प्रताप पाटीदार (हनुमान वाले) की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनके सुपुत्र संतोष, घनश्याम , दिनेश के द्वारा सेवा बस्ती परिवार मातमोर में संस्था श्री सनातन के माध्यम से बैठक भोजन करवाया गया। संस्था के भारत पाटीदार ने बताया कि क्षेत्र की जनसेवी संस्था,संस्था श्री सनातन जो विभिन्न प्रकार के धार्मिक सामाजिक एवं प्रकृति संरक्षण के कार्य करती है। इस संस्था ने सोमवार को पाटीदार(हनुमान वाले) करनावद की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनके सुपुत्र संतोष घनश्याम एवं दिनेश पाटीदार के द्वारा सेवा बस्ती मातमोर में सामूहिक भोज का आयोजन किया।

# धोखाधड़ी केस में पुलिस ने किया तीन को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अमित नगर गृह निर्माण सहकारी समिति से जुड़े धोखाधड़ी मामले में औद्योगिक थाना पुलिस ने मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई, जिन्होंने लंबे समय से मिल रही शिकायतों का संज्ञान लिया था।गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गुंजन चौधरी (पिता दिलीप चौधरी), दिलीप चौधरी (पिता केसरीमल चौधरी) निवासी देवास और मनोज पटेल (पिता गंगाधर पटेल) निवासी टिगरिया गोगा शामिल हैं।औद्योगिक थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 420 (धोखाधड़ी), 406 (आपराधिक विश्वासघात) और 120-बी (आपराधिक साजिश) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।जानकारी अनुसार, अमित नगर गृह निर्माण सहकारी समिति का गठन लगभग वर्ष 1980 में हुआ था। आरोप है कि तत्कालीन संचालक मंडल ने समिति पर कब्जा कर सदस्यता प्रक्रिया में अनियमितताएं कीं। इसके चलते पात्र व्यक्तियों को अवैध घोषित कर उनके अधिकारों से वंचित कर दिया गया।फरियादियों की शिकायतों के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की, जिसमें कई अनियमितताएं सामने आई हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# क्लस्टर की रोटरी चौपाल 14 को होगी आयोजित तैयारियों को लेकर बैठक में की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



रोटरी इंटरनेशनल मंडल 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे सुशील मल्होत्रा के नेतृत्व में सेंटर क्लस्टर की रोटरी चौपाल का आयोजन 14 मार्च 2026 को भौंरासा में किया जाएगा। इस आयोजन में रोटरी क्लब भौंरासा, देवास, हाटपीपल्या एवं सोनकच्छ संयुक्त रूप से सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में इंदौर, उज्जैन सहित अन्य क्लबों के सदस्य भी शामिल होंगे।रोटरी चौपाल कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शक्ति माताजी मंदिर परिसर, भौरासा में आयोजक क्लबों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही रोटरी चौपाल में रोटरी के सेवा कार्यों पर चर्चा के साथ फाग उत्सव भी मनाया जाएगा, जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक द्वारका मंत्री एवं उनकी टीम द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।पूर्व रोटरी गवर्नर सत्यनारायण लाठी, सहायक मंडलाध्यक्ष दिनेश कारपेंटर, कार्यक्रम चेयरमैन प्रदीप मंत्री, सुधीर पंडित के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में रोटरी क्लब भौंरासा के अध्यक्ष डॉ. रूप सिंह नागर, रोटरी क्लब सोनकच्छ के अध्यक्ष दिनेश राठौर, रोटरी क्लब देवास के अध्यक्ष डॉ. सचिन नागर, भौंरासा क्लब के सचिव किशोर वर्मा, रोटरी क्लब सोनकच्छ के सचिव महेशचंद्र राठौर, रघुवीर सिंह ठाकुर, कन्हैयालाल खाटवा ,पूर्व अध्यक्ष ईश्वर सिंह जाधव, सहित रोटरी क्लब भौंरासा , देवास हाटपीपल्या एवं सोनकच्छ क्लबों के सदस्य उपस्थित रहे।बैठक के पश्चात रोटरी क्लब भौंरासा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द का संदेश दिया।

# आरुषि ने रचा इतिहास, बनीं लेफ्टिनेंट कर्नल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़




नगर कांटाफोड़ के लिए यह अत्यंत गर्व और सम्मान का क्षण है। नगर की भांजी एवं माहेश्वरी समाज की होनहार बेटी आरुषि बाहेती, निवासी बाग (जिला धार) ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल का प्रतिष्ठित पद प्राप्त कर परिवार, समाज और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से कांटाफोड़ सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।बताया जा रहा है कि आरुषि बाहेती माहेश्वरी समाज की देश की पहली बेटी हैं, जिन्होंने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल का पद प्राप्त कर समाज के इतिहास में एक नई उपलब्धि दर्ज की है।

उनकी यह सफलता समाज की बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।आरुषि के पिता दिलीप बाहेती एवं माता प्रियंका बाहेती ने पुत्री की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आरुषि ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और देशसेवा की भावना के साथ यह मुकाम हासिल किया है। वहीं मामा शलभ गौरानी (कांटाफोड़) ने कहा कि यह उपलब्धि केवल परिवार के लिए ही नहीं बल्कि कांटाफोड़ नगर, बाग नगर और पूरे माहेश्वरी समाज के लिए गर्व का विषय है।

उन्होंने कहा कि आरुषि ने अपनी मेहनत से यह सिद्ध कर दिया है कि बेटियां भी हर क्षेत्र में आगे बढ़कर देश का नाम रोशन कर सकती हैं।

## 13 मार्च को देवास पहुंचेगी 'सरदार एकता यात्रा', शहर में करेगी भ्रमण

# पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर देशभर में निकाली जा रही 'सरदार एकता यात्रा' 13 मार्च 2026 को देवास पहुंचेगी। यह यात्रा गुजरात से प्रारंभ होकर पूरे देश में सर्व समाज को जोड़ने और राष्ट्रीय एकता का संदेश दे रही है। यात्रा 6 मार्च को मध्यप्रदेश में प्रवेश कर चुकी है और 29 मार्च तक प्रदेश के विभिन्न जिला व तहसील मुख्यालयों से होकर गुजरेगी।यात्रा के देवास आगमन को लेकर मंगलवार को मल्हार स्मृति मंदिर स्थित वरिष्ठ नागरिक संस्था में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें अखिल भारतीय कुर्मी पाटीदार महासभा के सदस्य नवीन नाहर, राजेश पटेल, बबलू पाटीदार, के.के. गौर, शैलेन्द्र टिगरिया, संतोष गौर, पुष्पराज पटेल तथा गुजरात से आए सरदार यात्रा के संयोजक मनु भाई पटेल और बाबू भाई पटेल सहित समाजजन उपस्थित रहे।प्रेस वार्ता में बताया गया कि शहर में सरदार एकता यात्रा का शुभारंभ 13 मार्च गुरुवार को सुबह 9 बजे मक्सी चौराहा से होगा। यात्रा भोपाल चौराहा, नाहर दरवाजा, तुकोगंज रोड और महात्मा गांधी मार्ग से होते हुए लालगेट स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर परिसर (चौपाटी) पहुंचेगी, जहां आमसभा आयोजित की जाएगी। इसके बाद यात्रा एबी रोड से होते हुए अपने अगले गंतव्य के लिए प्रस्थान करेगी।यात्रा के दौरान वाहन रथ, ढोल-नगाड़ों और देशभक्ति गीतों के साथ शहर में भव्य नगर भ्रमण किया जाएगा, जिसमें सभी समाज के महिला-पुरुष उत्साहपूर्वक शामिल होंगे। समाजजनों ने बताया कि पटेल ने आजाद भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के रूप में 565 रियासतों का विलय कर अखंड भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।आयोजकों के अनुसार, इस यात्रा का उद्देश्य युवाओं को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा देना और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना है। साथ ही आजादी के बाद देवास रियासत द्वारा सरदार पटेल का साथ देकर अखंड भारत निर्माण में दिए गए योगदान के लिए देवास रियासत को भी सम्मानित किया जाएगा।गौरतलब है कि इस यात्रा को 5 मार्च को अहमदाबाद से गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यात्रा का उद्देश्य लोगों में सरदार पटेल के विचारों, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना है।

# गेहूं की फसल जलकर खाक, किसानों की तीन माह की मेहनत मिनटों में हुई राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



गेहूं की फसल जलकर खाक, किसानों की तीन माह की मेहनत मिनटों में राखचापड़ा। इन दिनों क्षेत्र में गेहूं की फसल पककर तैयार हो चुकी है और किसान कटाई में जुटे हुए हैं। इसी बीच लगातार गेहूं के खेतों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। गर्मी की शुरुआत होते ही खड़ी गेहूं की फसल में आगजनी की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे किसानों की तीन माह की मेहनत कुछ ही मिनटों में जलकर खाक हो रही है। मंगलवार दोपहर समीप ग्राम बामखेड़ी में किसान दिलीप सिंह और सूरज सिंह राजपूत के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और करीब 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के कारण कोई भी खेत के पास नहीं जा पा रहा था। बाद में दमकल और ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।किसानों ने बताया कि बड़ी मेहनत और खर्च के बाद फसल तैयार हुई थी, लेकिन आगजनी से सब कुछ कुछ ही मिनटों में नष्ट हो गया। ग्रामीणों जितेंद्र सिंह सेंधव और सतीश प्रजापत ने बताया कि खेत के ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे हैं। तेज हवा चलने पर तार आपस में टकराते हैं, जिससे स्पार्किंग होती है और इसी वजह से खेत में आग लग जाती है। पहले बिजली के तारों में बांस की लकड़ी बांध दी जाती थी, जिससे तार आपस में नहीं टकराते थे, लेकिन अब विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण ऐसा नहीं किया जाता, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।वहीं दूसरी घटना समीप ग्राम अगुर्ली में सामने आई, जहां किसान पंकज पिता पपेंद्र पटेल के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। आगजनी में करीब 3 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई।

## खबर संक्षेप

### मंदिर के टीन शेड की लोगों ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार

**ललितपुर।** शहर के झांसीपुरा क्षेत्र स्थित जेल चौराहा के पास एक पुराने मंदिर पर लगे टीन शेड को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मोहल्ले के दर्जनों निवासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर मंदिर की यथास्थिति बनाए रखने की मांग की है। प्रार्थिनी गुडडी पत्नी अनिल बाल्मीकि व अन्य मोहल्लेवासियों का कहना है कि उनके निवास के सामने वर्षों पुराना देवीजी का एक मंदिर है। मंदिर खुला होने के कारण पक्षियों द्वारा वहां मांस के टुकड़े गिरा दिए जाते थे, जिससे मंदिर की पवित्रता भंग हो रही थी। इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय लोगों ने चंदा एकत्र कर मंदिर पर 8&8 फीट का एक टीन शेड डलवा दिया। शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि मोहल्ले का ही एक व्यक्ति विशेष इस टीन शेड का विरोध कर रहा है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने नगर पालिका में प्रार्थना पत्र देकर इस शेड को हटवाने की मांग की है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि यह मंदिर उनकी आस्था का केंद्र है और शेड केवल मंदिर की स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से लगाया गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से निवेदन किया है कि जनहित और आस्था को देखते हुए मंदिर के टीन शेड को न हटाया जाए और उसे यथावत रहने दिया जाए। प्रार्थना पत्र सौंपने वालों में गुडडी, अंकिता, अनूप कुमार, नरेंद्र, उर्मिला समेत मोहल्ले के कई लोग शामिल रहे।

### आयुर्वेद औषधालयों का किया निरीक्षण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर सोमवार को जिले के विभिन्न आयुर्वेद औषधालयों का राजस्व अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, ओपीडी पंजी और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया गया। एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल ने पिपलधार, नायब तहसीलदार जगन प्रसाद ने मुरारिया और आरआर अहिरवार ने मसूदपुर औषधालय का निरीक्षण किया। नटेरन तहसीलदार आनंद जैन ने सेऊ आयुर्वेद औषधालय में ओपीडी रजिस्टर का अवलोकन किया, जिसमें छह मरीज दर्ज मिले।

### 53 समूहों को मिला एक करोड़ का ऋण

**विदिशा।** नाबार्ड, मप्र ग्रामीण बैंक और मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया तथा आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 53 समूहों को लगभग 1 करोड़ रुपए ऋण वितरित किया गया। जिले के विभिन्न ग्रामों से लगभग 450 महिलाओं ने भाग लिया।

### पारिवारिक झगड़े पर तालाब में कूदी महिला को जवानों ने बचाया

**विदिशा।** डायल-112 की तत्परता से एक बड़ी अनहोनी टल गई। डायल को सूचना मिली कि थाना त्योंदा क्षेत्र में एक महिला तालाब किनारे बैठी है और किसी अप्रिय घटना की आशंका है। सूचना मिलते ही डायल-112 वाहन को तुरंत मौके पर भेजा गया। घटनास्थल पर पहुंचने पर डायल 112 स्टाफ आरक्षक राजेंद्र मिश्रा और पायलट देवेंद्र कुशवाह को पता चला कि पारिवारिक विवाद के कारण 35 वर्षीय महिला तालाब में कूद गई है। पुलिस जवानों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत महिला को तालाब से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बाद में महिला को समझाइश देकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### मॉल में दो पक्षों में मारपीट, डंडे बरसाए

**विदिशा।** सोमवार को एक मॉल में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब दो पक्षों के बीच अचानक विवाद हो गया। वायरल हो रहे वीडियो में कुछ युवक हाथों में डंडे लिए एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं और जमकर लात-घूंसे चला रहे है। मॉल के अंदर अचानक हुई इस मारपीट से वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए।

## योगी विकास मॉडल के तहत ललितपुरवासियों के लिए मिली सौगात

# ललितपुर-जखौरा संपर्क मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक ने किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बुंदेलखंड की ऐतिहासिक और वीरभूमि ललितपुर से विकास का एक नया अध्याय प्रारंभ होने जा रहा है। प्रदेश में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने और ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जनपद ललितपुर को एक महत्वपूर्ण सौगात मिलने के पश्चात बहुप्रतीक्षित ललितपुरझ्रजखौरा संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का भूमि पूजन आयोजित किया जा रहा है । यह परियोजना प्रदेश सरकार के प्रभावी ह्योगी विकास मॉडलह् का सशक्त उदाहरण है, जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क को मजबूत कर आर्थिक और सामाजिक प्रगति के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं।

### उप्र का प्रथम द्वार ललितपुर

भौगोलिक दृष्टि से जनपद ललितपुर को उत्तर प्रदेश का प्रथम द्वारह् कहा जाता है। बुंदेलखंड क्षेत्र में स्थित यह जनपद मध्य भारत और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण प्रवेश बिंदु है। ऐसे में ललितपुर जखौरा संपर्क मार्ग का निर्माण क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के साथ-साथ विकास की गति को भी नई दिशा प्रदान करेगा।

### विधायक रामरतन कुशवाहा के सतत प्रयासों का परिणाम

इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति दिलाने और इसे धरातल पर लाने में सदर विधायक ललितपुर रामरतन कुशवाहा जी के निरंतर प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों को लगातार विधानसभा और शासन स्तर पर मजबूती से उठाया तथा मुख्यमंत्री से संवाद के माध्यम से जनपद की आधारभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता दिलाई। उनके इन प्रयासों के परिणामस्वरूप ललितपुरझ्रजखौरा संपर्क मार्ग जैसी महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति मिली है, जिससे क्षेत्र के अनेक गांवों और हजारों नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा जी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत कैलाशनारायण निरंजन जी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत जी द्वारा की जाएगी। ललितपुरझ्रजखौरा संपर्क मार्ग का निर्माण क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। इससे किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, विद्यार्थियों को शिक्षा संस्थानों तक पहुंचने में आसानी होगी तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी और अधिक सुदृढ़ होगी। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण संपर्क और आधारभूत संरचना को मजबूत करने की जो परिकल्पना की गई है, उसे उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रभावी रूप से धरातल पर उतारा जा रहा है। ललितपुरझ्रजखौरा संपर्क मार्ग इसी विकास दृष्टि का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है, जो जनपद ललितपुर को विकास की नई दिशा प्रदान करेगा।

## किसान को भारी नुकसान

# 11 हजार लाइन का तार टूटकर गिरा, खड़ी फसल जलकर राख



**ललितपुर।** जनपद के जखौरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मनगुवां में 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन का तार टूटकर खेत में गिर जाने से एक किसान की करीब एक एकड़ खड़ी फसल जलकर राख हो गई। घटना से किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मनगुवां निवासी लक्ष्मीनारायण पुत्र राजधर के खेत में खड़ी फसल पर अचानक 11 हजार लाइन का बिजली का तार टूटकर गिर गया, जिससे खेत में आग लग गई और देखते ही देखते लगभग एक एकड़ फसल जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना मिलते ही राखपंचमपुर ग्राम प्रधान राजपाल सिंह यादव ने तुरंत फायर ब्रिगेड को फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

वहीं सूचना पर थाना जखौरा से उपनिरीक्षक बृजेश कुमार, हेड कांस्टेबल प्रेमबाबू और कांस्टेबल चन्द्रकांत शर्मा भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। साथ ही लेखपाल संजीव मिश्रा ने घटनास्थल पर पहुंचकर जली हुई फसल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में करीब एक एकड़ फसल के पूरी तरह जलकर नष्ट होने की पुष्टि हुई। किसान और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पीड़ित किसान को जली हुई फसल का उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

## शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई परीक्षा

# बोर्ड परीक्षा- चित्रकला व कृषि परीक्षा में 924 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा 2026 के अंतर्गत मंगलवार को आयोजित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की प्रथम पाली की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। आज की परीक्षा में जिले भर में कुल 924 परीक्षार्थी अनुपस्थित दर्ज किए गए। हाईस्कूल स्तर पर प्रथम पाली में चित्रक

ला विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा के लिए कुल 18,620 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 17,711 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 909 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिनमें पंजीकृत 18,620 (बालक-9,832, बालिका-8,788) उपस्थित-17,711 (बालक-9,208, बालिका- 8,503) अनुपस्थित-909 (बालक- 624, बालिका- 285) रहे। जबकि इन्टरमीडिएट के कृषि एवं सामान्य विषयों की परीक्षा में इन्टरमीडिएट स्तर पर कृषि आधारित और सामान्य विषयों की परीक्षा प्रथम पाली में संपन्न हुई। इसमें पंजीकृत कुल 631 परीक्षार्थियों में से 616 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 15 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इसमें पंजीकृत- 631, उपस्थित-616, अनुपस्थित- 15 रहे।

### परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

परीक्षा को शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए केन्द्रों पर भारी संख्या में कक्ष निरीक्षकों और कर्मचारियों की तैनाती रही। हाईस्कूल की परीक्षा के दौरान केन्द्रों पर कुल 1,421 कक्ष निरीक्षक, 59 लिपिक और 241 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद दिखे। प्रशासन की सक्रियता के चलते कहीं से भी किसी अप्रिय घटना या नकल की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

## सरकार ने जारी किया नया आदेश

# अब रात के समय भी हो सकेगा पोस्टमार्टम

**ललितपुर।** प्रदेश सरकार ने एक संवेदनशील और मानवीय पहल करते हुए अब राज्य के पोस्टमार्टम हाउस में रात के समय भी पोस्टमार्टम करने की अनुमति दे दी है। इस निर्णय से उन शोकाकुल परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें अपने परिजनों के पार्थिव शरीर को प्राप्त करने के लिए लंबे समय तक पोस्टमार्टम हाउस के बाहर इंतजार करना पड़ता था। जारी शासनादेश के अनुसार जिन पोस्टमार्टम हाउस में पर्याप्त रोशनी और आवश्यक आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, वहां सूर्यास्त के बाद भी पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी। इससे शवों के पोस्टमार्टम में होने वाली देरी कम होगी और परिजनों को जल्द पार्थिव शरीर मिल सकेगा। हालांकि इस व्यवस्था के साथ कुछ सावधानियां भी निर्धारित की गई हैं, ताकि न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित न हो। हत्या, आत्महत्या और दुष्कर्म जैसे संदिग्ध मामलों में यदि शव पूरी तरह खराब अवस्था में हो, तो ऐसे मामलों का पोस्टमार्टम रात में नहीं किया जाएगा। इन संवेदनशील मामलों की जांच में किसी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए पोस्टमार्टम दिन के समय ही किया जाएगा, जब तक कि कानून-व्यवस्था की कोई विशेष परिस्थिति न हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सरकार के इस निर्णय से व्यवस्था अधिक जिम्मेदार और आमजन के प्रति संवेदनशील बनेगी तथा शोक संतप्त परिवारों को अनावश्यक प्रतीक्षा से राहत मिलेगी।

## नेगेटिव ब्लड कम लोगों में होता

# शिवम श्रीवास्तव ने 29वीं बार किया ओ-नेगेटिव ग्रुप के रक्त का दान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिले में जय अंबे रक्तदान समिति के माध्यम से एक बार फिर मानवता की मिसाल देखने को मिली। दुर्लभ ओ-नेगेटिव रक्त की जरूरत होने पर समिति के सहयोग से एक रक्तदाता ने आगे बढ़कर जरूरतमंद मरीज की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।

जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज ललितपुर में भर्ती करीब 72 वर्षीय मरीज रामसेवक पंथ को ओ-नेगेटिव ब्लड की तत्काल आवश्यकता थी। इस संबंध में सोशल मीडिया और अमित कुमार पंत के माध्यम से जय अंबे रक्तदान समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर को सूचना मिली। सूचना मिलते ही समिति सक्रिय हो गई। समिति के प्रयास से ओ-नेगेटिव रक्तदाता शिवम श्रीवास्तव (ब्रांच मैनेजर, स्टार हेल्थ) ने अपने सभी जरूरी कार्य छोड़कर मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक पहुंचकर मरीज के लिए रक्तदान किया। शिवम श्रीवास्तव ने यह रक्तदान 29वीं बार किया, जिसे लोगों ने सराहनीय और प्रेरणादायक कदम बताया। रक्तदान के बाद शिवम श्रीवास्तव ने युवाओं से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान से कई जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकती है। मरीज के परिजनों ने जय अंबे रक्तदान समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर और रक्तदाता शिवम श्रीवास्तव का आभार व्यक्त किया। इस दौरान समाजसेवी कन्हैयालाल रजक, बलराम राज, मरीज के पुत्र विनोद पंथ, एलेक्स पंथ और बाल मुकुंद साध सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## बच्चों के झगड़े में युवक पर लोहे की रॉड से हमला

### दो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** महरौनी कस्बे में बच्चों के विवाद को लेकर हुए झगड़े में एक युवक पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया गया। घायल युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कस्बा महरौनी निवासी आविद अली पुत्र साजिद अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8 मार्च 2026 की शाम करीब 6.30 बजे मोहल्ले में बच्चों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। उसी दौरान मोहल्ले के रफीक और जुनैद ने उसके बेटे उसैद को गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब उसैद ने गाली देने का विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने लोहे की रॉड से उसकी पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी भी दी। हमले में युवक को चोटें आईं। पीड़ित की तहरीर पर थाना महरौनी पुलिस ने रफीक और जुनैद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

## पुलिस ने अभियान चलाकर की आरोपी को पकड़ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



कोतवाली ललितपुर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा एएसपी कालू सिंह एवं सीओ सदर सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्र में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 127/2026 में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

आरोपी के खिलाफ धारा 137(2), 87, 65(1) बीएनएसएस एवं ङ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त थाना बानपुर के ग्राम निवासी वीरसिंह अहिरवार पुत्र अशोक है। उसे 9 मार्च 2026 को गिरफ्तार किया गया और नियमानुसार न्यायालय में पेश कर दिया गया। गिरफ्तारी की कार्रवाई में कोतवाली ललितपुर के उपनिरीक्षक अंकित कौशिक, उपनिरीक्षक अजय कुमार तथा आरक्षी करण प्रताप सिंह शामिल रहे। पुलिस द्वारा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा व पीड़ित को त्वरित न्याय के लिए महिला जनसुनवाई 16 को



**ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने अवगत कराया है कि महिला उत्पीडऩ की घटनाओं की समीक्षा व पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल द्वारा 16 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई की जाएगी। शिकायतकर्ताओं को सूचित किया गया है कि वे अपने साथ शिकायती प्रार्थना पत्र, मोबाइल नम्बर, आईडी साक्ष्य व आधारकार्ड आदि की छायाप्रति अवश्यक रूप से लाएं।

### पंच कल्याणक को लेकर मंडी नीलामी में बदलाव

**विदिशा।** पंच कल्याणक महा महोत्सव के मद्देनजर मंडी की नीलामी व्यवस्था में बदलाव किया गया है। राधेश्याम माहेश्वरी ने बताया कि 11 से 16 मार्च तक मंडी में नीलामी का समय परिवर्तित रहेगा। हाथ-ठेला एवं फुटकर नीलामी सुबह 11:30 बजे से 12 बजे तक, धान की ट्रालियों की नीलामी सुबह 11:30 बजे से नीलामी समाप्ति तक चलेगी, जबकि दलहन, तिलहन एवं गेहूं की ट्रालियों की नीलामी दोपहर 12 बजे से की जाएगी।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से युवक की मौत, दादा और चाचा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मंगलवार सुबह हाईवे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार 20 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दादा और चचेरे चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र के ग्राम पटाउआ निवासी सौरभ राजपूत (20) पुत्र गोविंद अपने 65 वर्षीय दादा हल्के और 40 वर्षीय चचेरे चाचा मुकेश के साथ झांसी से दादा का इलाज कराकर बाइक से वापस घर लौट रहे थे। सुबह करीब 9.30 बजे जब वे ललितपुर-सागर मार्ग 44 पर केलगुवां तिराहे के पास शहजाद नदी के नजदीक पहुंचे, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सड़क पर गिर गई और सौरभ ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तीनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया, जबकि दादा हल्के और मुकेश को उपचार के लिए भर्ती कर लिया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने बताया कि अज्ञात ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों के मुताबिक मृतक सौरभ दो भाइयों में सबसे बड़ा था और उसकी दो महीने की एक बेटी है। वह पढ़ाई के साथ मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण भी करता था। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### तेज रफ्तार एंबुलेंस की टक्कर से युवक व महिला घायल

**ललितपुर।** जिले में तेज रफ्तार वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोतवाली क्षेत्र में एक एंबुलेंस चालक की लापरवाही से हुए सड़क हादसे में युवक और उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम बिरधा निवासी आकाश पुत्र स्व. सुनील ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 फरवरी 2026 को सुबह करीब 11.30 बजे उसका भाई विकास (करीब 20 वर्ष) अपनी मां राजकुमारी (38 वर्ष) के साथ मोटरसाइकिल से घर से ललितपुर की ओर आ रहा था। जब वे बमरौला पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही एक एंबुलेंस (नंबर यू.पी.94 टी 4986) के चालक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार विकास और उसकी मां राजकुमारी को गंभीर चोटें आईं तथा मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर एंबुलेंस चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## कवियों ने दिया एकता और भाईचारे का संदेश

# रंग पंचमी और अंतरर्ष्ट्रीय महिला दिवस पर कवि सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



कौमी एकता की प्रतीक साहित्यिक संस्था हिंदू-उर्दू एवं अंतर्राष्ट्रीय बैनर के तत्वावधान में रंग पंचमी और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पं. राम प्रकाश शर्मा के निवास पर एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप चिकित्सा अधीक्षक एवं कवि हृदय डा. खेमचंद वर्मा कबीर ने की, जबकि संचालन संस्था के अध्यक्ष रामकृष्ण कुशवाहा एड. कृष्ण ने किया।

इस दौरान कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रेम, भाईचारा और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। अध्यक्षता कर रहे डा. खेमचंद वर्मा कबीर ने कहा कि दिल से दिल मिलाकर तो देखो, नफरत की होली जलाकर तो देखो, दुश्मनी दोस्ती में बदल जाएगी, अरे दोस्तों चुटकी भर गुलाल लगाकर तो देखो। कार्यक्रम में सरवर हिंदुस्तानी ने मोहब्बत और भाईचारे पर शेर पढ़ते हुए कहा कि हमारे शहर का दस्तूर निराला है ललितपुर, मोहब्बत का इश्क वाला है। वहीं युवा कवि बृजेश श्रीवास्तव ने होली के रंगों पर अपनी कविता प्रस्तुत करते हुए कहा कि रंग-बिरंगे रंगों से सजी हुई रंगोली है, खुशियों का पैगाम लेकर आई होली है। कार्यक्रम में महिला शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए कवयित्री ने नारी शक्ति पर अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि नई नहीं अब बेचारी, शक्ति स्वरूप है दायनी, जन्म-जन्म तक साथ निभाती है, यह अर्धांगिनी है। इसके अलावा जलील बख्श ने वर्तमान हालात पर अपनी रचना सुनाई कि तेरे एक झटके से उजड़ गए शहर कितने। आज वीरान हो गए हैं आबाद घर कितने। अधिवक्ता चौधरी राजाराम खटीक ने कौमी एकता पर शेर पढ़ा कि एकता के गुलशन में खिलते हैं प्यार के फूल, नफरत की बंजर धरती पर उगते हैं बबूल। राधेश्याम ताम्रकार ने होली के रसिया प्रस्तुत कर माहौल को होली के रंगों से सराबोर कर दिया। कवि सम्मेलन में उपस्थित लोगों ने कवियों की रचनाओं का भरपूर आनंद लिया।

### साधारण सभा की बैठक में विद्युत कंपनी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

# स्मार्ट मीटरों के खिलाफ जिला पंचायत अध्यक्ष सौंधिया ने उठाई आवाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जिले के बिजली उपभोक्ताओं के घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध खुलकर सामने आया है। जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक में इस मुद्दे सहित बिजली कंपनी द्वारा जिले के नागरिकों के साथ किए जा रहे छलावे को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। जिला पंचायत सभागार में आहूत इस बैठक में जिपं अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की बगैर अनुमति के कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लोगों के घरों में लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले के एक मंत्री के घर ही स्मार्ट मीटर का बिल दोगुना आने लगा है। स्मार्ट मीटरों के साथ ही ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर ग्रामीणों से हो रही अवैध वसूली, अनावश्यक थोपे जा रहे बिजली बिलों को लेकर राजगढ़ विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री सहित कंपनी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत सिंह यादव, राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, एडिशनल सीईओ सहित जिपं के लगभग सभी सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

#### एजेंडा अनुसार अन्य मामलों पर भी चर्चा की

बैठक में एजेंडा अनुसार कई महत्वपूर्ण विभागों की योजनाओं पर चर्चा की गई। इसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों के निर्माण एवं प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शिक्षा विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल निगम के कार्यों की भी विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में मोहनपुरा-कुंडालिया एवं सुठालिया सहित जिले की अन्य सिंचाई योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई और किसानों को अधिकतम लाभ दिलाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

#### पात्र हितग्राहियों को मिले योजनाओं का लाभ

बैठक में आदिम जाति कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान जिले में विद्युत व्यवस्था को लेकर जनप्रतिनिधियों ने असंतोष व्यक्त किया। विद्युत आपूर्ति एवं व्यवस्थाओं में आ रही समस्याओं के कारण जिला पंचायत सदस्यों द्वारा नाराजगी जताई गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जिले के विकास कार्यों से जुड़े विभिन्न मुद्दे भी उठाए गए, जिन पर संबंधित अधिकारियों द्वारा जानकारी प्रस्तुत की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष सोंधिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन समय-सीमा में एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।

### मांगों का निराकरण न होने पर उठाया कदम

# पैक्स समितियों से जुड़े कर्मचारियों ने सौंपा सामूहिक इस्तीफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मध्यप्रदेश सहकारित समिति महासंघ से जुड़े कर्मचारियों ने अनेकों बार दिए गए ज्ञापनों के बावजूद मांगों का निराकरण न होने पर सोमवार को सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया। इस संबंध में महासंघ के बैनर तले सीसीबी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में जब तक उनकी मांगों का निराकरण नहीं होगा तब तक वे कार्य करने में असमर्थ रहेंगे। महासंघ पदाधिकारियों ने बताया कि मप्र राज्य सहकारी बैंक के आदेशानुसार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में समिति प्रबंधकों के 60 फीसदी पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जानी थी जो कि अभी तक नहीं हो पाई है। समिति से जुड़े सभी सेल्समेनों को 3 हजार रुपए प्रतिमाह दिए जाने का 01 अक्टूबर 2023 को जारी किया गया था लेकिन उस पर अभी तक कोई अमल नहीं किया गया है।

#### यह भी रखी मांग

पैक्स से जुड़े कर्मचारियों ने मध्यप्रदेश शासन से मांग रखी है कि समिति कर्मचारियों को अनुदान राशि के रूप में 3 लाख रुपए का तत्काल भुगतान भी किया जाए। इसके साथ ही अन्य मांगे सामूहिक इस्तीफे एवं ज्ञापन के जरिए रखी गई।

## मंत्री टेटवाल के होली मिलन में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता



**ब्यावरा।** राज्यमंत्री गौतम टेटवाल को उन्हीं के गृह नगर में सोमवार को जिले के विभिन्न जगहों से रंगपंचमी होली की शुभकामना देने पहुंचे। इस क्रम में ब्यावरा से नगर पालिका अध्यक्ष पवन कुशवाह अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश सब प्रशिक्षण प्रभारी मध्य प्रदेश गोपाल जाटव वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ओम छैइया, अरविंद शर्मा पार्षद रामबाबू प्रजापति अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी महेश बामनिया के एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर स्वागत किया।

## राजस्व भूमि पर अवैध कब्जा कर बने दर्जनों मकान, नगर परिषद बेखबर

**कुरावर।** नगर परिषद क्षेत्र में राजस्व विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा कर दर्जनों मकानों के निर्माण का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद कुरावर क्षेत्र की राजस्व भूमि सर्वे नंबर 493, रकबा 0.379, मद शासकीय रास्ता पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर तीन मंजिला मकान तक खड़े कर लिए हैं। धीरे-धीरे यह कब्जा बढ़ता गया और अब वहां दर्जनों मकान बन चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह निर्माण लंबे समय से जारी था, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि इस शासकीय भूमि पर बने कई मकानों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी मिल चुका है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन कार्रवाई करता तो राजस्व भूमि पर इस तरह का अवैध निर्माण नहीं हो पाता। अब स्थिति यह है कि सरकारी जमीन पर पूरी बस्ती नजर आ रही है।

#### जांच कराएंगे...

इसकी जांच करवा लेंगे और जो भी निमयानुसार कार्रवाई बनती है की जाएगी।

लीलाधर सेन, सीएमओ कुरावर नप

## महिला दिवस पर महाविद्यालय में हुआ सेल्फ डिफेंस कैंप का आयोजन



**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण गतिविधियों के अंतर्गत पोस्टर लेखन एवं सकारात्मक कहानी सत्र आयोजित किया गया।

इस अवसर पर महिला दिवस के उपलक्ष्य में सेल्फ डिफेंस कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक छात्राओं ने आत्मरक्षा की तकनीकें सीखीं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर ममता खोइया ने कहा, ष्आत्मरक्षा वर्तमान समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अर्चना वर्मा ने कहा, आत्मरक्षा से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ेगा जो उन्हें विपरीत परिस्थिति का सामना करने में हिम्मत प्रदान करेगा। तथा विष्णु लववंशी ने सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग दी और कहा, आत्मरक्षा का मतलब सिर्फ लड़ना नहीं है, बल्कि अपने आप को सुरक्षित रखना है। डॉक्टर भाविक वोरा ने छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आवाहन किया। इस दौरान कशिश चैधरी, कशिश अटनेरिया, कृतिका चूलीवाल, साधना शर्मा, राजेश्वरी चतुर्वेदी, रिया नगर, वंशिका शर्मा, शिवानी परमार, अरुण भिलाला ने सकारात्मक दृष्टिकोण पर पोस्टर निर्माण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डॉक्टर विमल लोदवाल, डॉक्टर वसीम शेख, डॉक्टर अरूणा सोलंकी, भगवान पाटीदार, धर्मेंद्र खेरवार, सोनम करोड़िया, सुश्री संगीता डोडवे, डॉ दीपिका जोशी आदि ने आत्मरक्षा सत्र में हिस्सा लिया।

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा, पुष्पेन्द्र कुमार अहिरवार ने कहा कि महिला शक्ति सर्वोपरि है। महिला को शक्ति स्वरूपा माना जाता है हर महिलाओं को सामाजिक समानता और आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया, महिलाओं को संविधान द्वारा समानता का अधिकार तथा सरकार महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न आत्मरक्षा अभियान चलाएं जा रहे हैं जिससे महिला प्रशिक्षित होकर अपनी स्वयं की रक्षा कर सके। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डॉ.कमल सिंह अहिरवार डॉ.वंदना चुटेल, डॉ. रीना पाटीदार, डॉ.रश्मि सोनी, कनीज अंसारी मौजूद रहे। डॉ वंदना चुटेल, कनिज अंसारी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार रखें इस मोके पर महिला स्टॉफ को पेन देकर सम्मानित किया गया।जिसमें डॉ महेश नरवरिया डॉ.मनोहर परमार, डॉ ओम गुप्ता, ललित शर्मा, दिनेश दांगी आदि, संचालन ललित कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ एव छात्रध्छात्राएं उपस्थित रहे।

## राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की स्मृति में रचनापाठ, सुशील व्यास ने दी प्रस्तुति




**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में मैथिली शरण गुप्त की स्मृति में देवास में व्याख्यान एवं रचनापाठ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. विकास दवे व राकेश सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जयशंकर शर्मा, प्रो. एसएन त्रिवेदी, शिक्षाविद विजय श्रीवास्तव तथा पूर्व न्यायाधीश आरपी सोलंकी उपस्थित रहे।द्वितीय सत्र में प्रदेश के कवि-कवयित्रियों ने राष्ट्रकवि को श्रद्धांजलि देते हुए रचनापाठ किया। सारंगपुर के साहित्यकार सुशील व्यास 'सारंग' ने अपनी रचना "अखिल राष्ट्र का हृदय हमारा प्यारा मध्यप्रदेश है" का प्रभावशाली पाठ कर श्रोताओं की सराहना प्राप्त की। इसके अलावा सचिन सावन, हरिसिंह 'पतंग', प्रिया खुशबू, भेरूलाल सौराष्ट्रीय, मनीषा व्यास, राजेन्द्र विश्वकर्मा, सुरेन्द्र सिंह राजपूत 'हमसफर' तथा सुरेश 'सन्नाटा' (नीमच) ने भी रचनाएं प्रस्तुत कीं। अंत में सभी साहित्यकारों का सम्मान किया गया।

## प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक सांख्यिकीय के विभाग मध्य प्रदेश शासन जिला राजगढ़ विकासखंड जीरापुर द्वारा चयनित नवांकुर संस्था श्री महावीर चाठा कुण्डी बालाजी शिक्षण समिति माचलपुर द्वारा 9 मार्च को बाढ़ गांव रोड भोनाजी महाराज मंदिर परिसर में सेक्टर माचलपुर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवं नवांकुर साथियों का एकदिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें ग्राम मल्हारपुरा कुंडलिया झारणीय जामगांव नगर माचलपुर सुंदरपुर के सदस्य एवं नवांकुर सखी उपस्थिति रही प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जीरापुरके ब्लॉक समन्वयक बीरम सिंह परमार एवं परामर्शदाता चंदरलाल वर्मा नवांकुर संस्था के कार्यक्रम समन्वयक दिनेश कुमार लववंशी की उपस्थिति में उपस्थित प्रतिभागियों को दस्तावेजी कारण जिसमें आवश्यक दस्तावेजी करण पर परामर्शदाता चंदरलाल वर्मा ने विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

ब्लॉक समन्वयक में बीरम सिंह परमार ने उपस्थित प्रतिभागियों को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की कार्य योजना अनुसार अपने-अपने ग्राम में आगामी माह के कार्य योजना तैयार कर जल संरक्षण जैविक कृषि सबके लिए स्वास्थ्य शिक्षा नशा मुक्ति पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्य योजना बनाई गई एवं इस पर समाज आधारित कार्य करने पर प्रशिक्षण दिया।

### मेड़तवाल वैश्य समाज की मातृ-शक्तियों ने किया कार्यक्रम आयोजित

# प्राकृतिक रंगों से होली खेलकर मनाया फागोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



नगर के मेड़तवाल वैश्य समाज की मातृ-शक्तियों द्वारा समाज की धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित कर फागोत्सव मनाया गया। इस दौरान रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ माता फलौदी के भजन गाते हुए सभी की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने प्राकृतिक रंगों से होली खेलते हुए पर्व की खुशियां एक-दूसरे से सांझा की। इस अवसर पर समाज के बच्चों, किशोरियों के लिए रंगोली सहित अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। रंगोली में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया ताकि समाज के अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिल सके। प्रतियोगिता उपरान्त सभी ने एक-दूसरे को रंग-पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए सकल विश्व के कल्याण की कामना की। इसके साथ ही समाज के बच्चे आगे क्या अच्छा कर सकते हैं और महिलाएं इस हेतु क्या योगदान दे सकती हैं, इसके लिए रूपरेखा तैयार की गई।

# सरकारी स्कूलों को बंद करने की साजिश के खिलाफ भरी हुंकार

### स्कूल बचाओ संघर्ष समिति ने गांव-गांव शुरू किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



प्रदेश सरकार द्वारा सीएम राइज स्कूलों के नाम पर हजारों सरकारी स्कूलों को बंद करने की नीति के विरोध में स्कूल बचाओ संघर्ष समिति ने मोर्चा खोल दिया है। समिति के सदस्यों ने गुना जिले के विभिन्न गांवों, कस्बों और बस्तियों में जाकर स्कूल बचाने निकले हैं, आओ हमारे साथ चलो के नारे के साथ जनसंपर्क शुरू किया है। वर्तमान में जिले के बरखेड़ा हाट, बमोरी, फतेहगढ़, डोंगर, चांचौड़ा और गुना में सीएम राइज स्कूल बनाए गए हैं, जिसकी आड़ में आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले स्कूलों को बंद या मर्ज किया जा रहा है। समिति का तर्क है कि जहां पहले से ही सडक़ों और शौचालयों का अभाव है, वहां स्कूल बंद होने से गरीब बच्चों की शिक्षा पूरी तरह ठप हो जाएगी।

आगामी सत्र 2026-27 से बमोरी तहसील के शासकीय प्राथमिक विद्यालय बमोरी, हिरामन के टपरे, मॉडल हाई सेकेंडरी बमोरी, बागेरी, मसुरिया, खड़ेला, खेरादा, एकीकृत नोनेरा, खुटियारी, मढीखेड़ी, हिनोतिया, अकोदा एवं उत्कृष्ट विद्यालय सहित 15 स्कूलों को मर्ज किया जा रहा है। इसी तरह राघोगढ़ तहसील के डोंगर, बेलका, इकोदिया, विजयपुर, बालाभेंट, उदयपुरी, काकवासा और सकतपुर के स्कूल भी बंद होने की कगार पर हैं। समिति के साथियों के पहुंचने पर ग्रामीणों ने इस मुहिम को अपना समर्थन दिया है। बुद्धिजीवियों और अभिभावकों की मांग है कि एक भी स्कूल बंद न हो, बल्कि मौजूदा स्कूलों की व्यवस्था सुधारी जाए। इस नीति के विरोध में आगामी 11 मार्च को बमोरी, राघोगढ़ और आरोन तहसीलों में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### एससी की गाइडलाइन अनुसार लाउडस्पीकर भी बंद कराने की मांग

# उर्स में अवैध वसूली सहित अन्य मसलों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



मुख्यालय पर 112वें सालाना उर्स में आए दुकानदारों से हो रही अवैध वसूली सहित ध्वनि प्रदूषण को लेकर हिंदू संगठन आगे आए हैं। कल शाम सकल हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए नागरिकों ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर मेले के पूर्व से ही आरंभ अवैध वसूली एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराने की मांग की।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि दरगाह क्षेत्र में हर वर्ष पारंपरिक रूप से उर्स मेले का आयोजन किया जाता है। पहले यह मेला लगभग तीन दिनों तक सीमित रहता था, लेकिन अब इसकी अवधि बढ़ाकर 15 दिन तक कर दी गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में दुकानें लगती हैं और रात भर लाउडस्पीकर व डीजे के माध्यम से तेज आवाज में गाने बजाए जाते हैं जिससे नगरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मार्च माह में विद्यालयों और कॉलेजों की परीक्षाएं भी आयोजित होती हैं। ऐसे में देर रात तक तेज आवाज में बजने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्र विद्यार्थियों की पढ़ाई को प्रभावित करते हैं। साथ ही यह ध्वनि प्रदूषण आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है।

#### सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइन की अवहेलना

युवाओं ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर और अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद कई बार इन नियमों का पालन नहीं किया जाता है। ऐसे में प्रशासन को इस बार विशेष निगरानी रखते हुए नियमों का कड़ाई से पालन कराना चाहिए। इस दौरान अधिवक्ताओं का एक समूह भी प्रतिनिधिमंडल के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचा। अधिवक्ताओं ने अलग से कोई ज्ञापन नहीं दिया, बल्कि सर्व हिंदू समाज द्वारा सौंपे गए इसी ज्ञापन के समर्थन में उपस्थित रहकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की प्रति कलेक्टर को सौंपते हुए उचित कार्रवाई की मांग की।

#### ये रहे मौजूद

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि उर्स मेले में लगने वाली दुकानों से अधिक राशि की वसूली की जाती है। इस पर रोक लगाई जाए। इस अवसर पर बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक एवं वर्तमान भाजपा जिला महामंत्री देवी सिंह सौंधिया, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष केपी पवार, विहिप जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, हिंदू चेतना मंच के अध्यक्ष, जिला सहकारिता प्रकोष्ठ पदाधिकारी गजेंद्र सिंह गटू बना, कैलाश प्रजापति सहित वरिष्ठ एडवोकेट अविनाश दशहरिया, शैलेंद्र गुप्ता सहित सर्व हिंदू समाज के कई युवा मौजूद रहे। साथ ही कई अधिवक्ता भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे।